# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

टेलीफोन नं. 07522–234001

E mail Id- datiamedicalcollege@gmail.com Website- www.datiamedicalcollege.com
datiamedicalcollege2018@gmail.com

पता– 29 बटालियन के पास, एन.एच. 75, जिला दतिया, म.प्र. पिन नं0 475661

**क्रमांक –3162 /द.चि.म./2019** **दतिया, दिनांक–18/07/2019**

## सीनियर रेसीडेंट पद हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश भोपाल के आदेश क्रमांक 1274–79/स्था/राज/2019 भोपाल दिनांक 31.05.2019 में प्रदत्त अनुमति अनुसार शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया में पूर्व निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर सीनियर रेजीडेंट के निम्नांकित रिक्त पदों पर सीमित समयावधि (Tenure) 3 वर्ष हेतु भरे जाने के लिए निर्धारित प्रारूप में वॉक–इन–इंटरव्यू हेतु दिनांक 18.07.2019 की स्थिति में दिनांक 25.07.2019 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, साक्षात्कार दिनांक 29.07.2019 है। प्रथम नियुक्ति एक वर्ष हेतु की जावेगी प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष की अनुशंसा एवं स्पष्ट अभिमत पर एक वर्ष आगे बढाई जावेगी :–

**(सीनियर रेजीडेंट (निश्चित वेतन रू. 65,000/– प्रतिमाह)**

| विभाग | रिक्त कुल पद | अनारक्षित | अजजा | अजा | ओ.बी.सी. |
|---|---|---|---|---|---|
| TB&Chest | 1 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| General Medicine | 3 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| Psychiatry | 1 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| Radiodiagnosis | 2 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| Orthopaedics | 1 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| Obstetrics & Gyneacology | 2 | 01 | 01 | 00 | 00 |
| General Surgery | 3 | 02 | 01 | 00 | 00 |
| ENT | 1 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| Anesthesia | 1 | 01 | 00 | 00 | 00 |

सीनियर रेजीडेंट पद हेतु वॉक इन इंटरव्यू नोटिस जारी होने के उपरांत पद भरने तक प्रत्येक सोमवार (कार्य दिवस) को प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, दतिया के कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त किये जावेगें। सायं 5: 30 बजे के पश्चात् आवेदन पत्र नहीं लिये जावेंगे एवं मंगलवार को प्रमाण पत्रों की स्क्रूटनी का कार्य आरम्भ होगा। तत्पश्चात् साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार हेतु आवश्यक अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा अभिप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस हेतु पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

मध्यपदेश शासन के प्रावधान के अनुसार सभी स्नातकोत्तर छात्र जिनका चयन सीनियर रेजीडेंट के पद पर होगा उन्हें ग्रामीण सेवा के बांड से इस शर्त के साथ मुक्त किया जाएगा, बांड अवधि के बराबर अवधि तक महाविद्यालय में इस पद पर सेवाऐं देंगे। उक्त अवधि के पूर्व सेवा छोड़ने की स्थिति से ग्रामीण/अधिसूचित क्षेत्रों में सेवा हेतु किये गये बांड की शर्ते लागू हो जाएगीं और उन्हें निर्धारित अवधि तक ग्रमीण सेवा करनी होगी।

**नोट :–**

2. आरक्षण शासन द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ।
3. पदों की रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।
4. अगर आरक्षित वर्ग के चिकित्सक नहीं मिलते हैं तो उस स्थिति में सीटें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनारक्षित श्रेणी के क्रम से उपलब्ध कर चिकित्सकों से भरी जावेगी।
5. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने से अभ्यर्थी साक्षात्कार का पात्र नहीं हो जाता।

**यह नियुक्ति निम्न शर्तों के अधीन होगी :–**

1. अवधि : सीनियर रेजीडेंट की सेवा–अवधि (Tenure) तीन वर्ष होगी। इनकी प्रथमतः 01 वर्ष हेतु नियुक्ति की जावेगी। तत्पश्चात् सेवायें संतोषजनक पाये जाने पर 01–01 वर्ष हेतु समय बढाते हुए अधिकतम 3 वर्ष तक बढाई जाएगी।
2. आवेदन शुल्क : सीनियर रेजीडेंट के पद हेतु अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के साथ रू. 500/–(पांच सौ) एवं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को रू 250/– (दो सौ पचास) राशि का बैंक ड्राफ्ट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, स्वशासी समिति दतिया के नाम देय होना चाहिये। बैंक ड्राफ्ट के पीछे अभ्यर्थी को पूरा नाम, विषयक का नाम पता एवं फोन लिखना आवश्यक है।